भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1266**
08.12.2025 को उत्तर के लिए

**वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए क्लाउड-सीडिंग**

**1266. श्री सुनील बोस:**
**श्री के. सी. वेणुगोपाल:**
**डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले:**
**श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:**
**डॉ. राज कुमार चब्बेवाल:**
**डॉ. नामदेव किरसान:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में किसी क्लाउड-सीडिंग या मौसम-संशोधन परियोजना की योजना बनाई है या उसे मंजूरी दी है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके परिणाम क्या रहे;

(ख) मौसम विभाग द्वारा क्लाउड-सीडिंग के लिए अपर्याप्त क्लाउड कवर की चेतावनी के बावजूद, क्लाउड-सीडिंग करने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस संबंध में विशेषज्ञों से परामर्श किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार देश में प्रदूषण नियंत्रण उपाय के रूप में क्लाउड-सीडिंग के उपयोग के किसी संभावित प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव से अवगत है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) अक्टूबर 2025 में दिल्ली में क्लाउड-सीडिंग परीक्षण पर किए गए कुल व्यय का ब्यौरा क्या है और साथ ही क्लाउड-सीडिंग पर कुल कितना व्यय हुआ;

(च) परीक्षण में शामिल निजी या अनुसंधान संस्थानों को की गई निविदा, खरीद और भुगतान का ब्यौरा क्या है, और क्या सरकार उपयोग की गई धनराशि की लेखापरीक्षा या उपयोग रिपोर्ट प्रकाशित करेगी और यदि हाँ, तो इसके जारी होने की समय-सीमा क्या है; और

(छ) क्या सरकार की सूखे जैसी परिस्थितियों के दौरान तिरुनेलवेली जिले के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में क्लाउड सीडिंग का विस्तार करने की कोई योजना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (छ): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, “दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण न्यूनीकरण हेतु वैकल्पिक उपाय के रूप में क्लाउड सीडिंग की प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन एवं मूल्यांकन” शीर्षक से प्रयोगात्मक परियोजना आरंभ की गई है। उक्त परियोजना का अनुमानित व्यय 3.2146 करोड़ रुपए है, जिसे आईआईटी कानपुर के लिए स्वीकृत किया गया है।

*****